कक्षाओं में छात्रों की कम उपस्थिति पर कुलपति सख्त

सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने जीआरडी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का दौरा किया। इस दौरान कुलपति ने संस्थान की इंजीनियरिंग व फार्मेसी की लैब का निरीक्षण कर फीडबैक ली। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान कुलपति ने कक्षाओं में जाकर छात्रों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को कक्षाओं में कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति का पालन कराना संस्थानों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुसार विवि ने प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमों के नए ऑर्डिनेंसेज व सिलेबस तैयार कर लिया है। इसे जल्द विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्रों को च्वाइस बेस्ड सिस्टम से अवगत कराया जाना चाहिए, ताकि छात्र अधिक से अधिक ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रोग्राम, खेल प्रतियोगिताओं में शामिल हो सकें। इस मौके पर कैम्पस निदेशक डा. पंकज चौधरी, निदेशक फार्मेसी डा. मनीष मिश्रा, डीन स्टूडेंट वैलफेयर अभिषेक सरकार समेत सभी एचओडी, शिक्षक, छात्र एवं कर्मचारी मौजूद थे।

अखिल भारतीय विवि एवं महाविद्यालय एसोसिएशन उपाध्यक्ष बने डा. अग्रवाल

देहरादून। देश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की राष्ट्रीय एसोसिएशन का गठन किया गया। एसोसिएशन का जल्द सम्मेलन होगा। अखिल भारतीय अनएडेड विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय एसोसिएशन के नाम से गठित एसोसिएशन में डा. सुनील अग्रवाल को मुख्य राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डा. अग्रवाल ने कहा कि लखनऊ में राष्ट्रीय संगठन की रूपरेखा रखी गई। कहा कि 24 राज्यों में एसोसिएशन का गठन हो चुका है। नवम्बर में एसोसिएशन का राष्ट्रीय सम्मेलन दिल्ली में होगा। इससे पूर्व दिसम्बर में उत्तराखंड में क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। डा. अग्रवाल ने बताया कि एसोसिएशन का उद्देश्य शिक्षा के संबंध में समान नीति बनाने के लिए सरकार को सुझाव देना है। इस मौके पर डा